आकाशवाणी चंडीगढ़

06 जनवरी 2025, समय 1810

- केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को लोहगढ़ में बनने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के निर्माण कार्य में तेज़ी लेन के निर्देश दिए हैं।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हरियाणा की जांच एजेंसियां लोहारू छात्रा आत्महत्या प्रकरण की जांच करने में सक्षम है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- हरियाणा एवं चंडीगढ़ समेत आज देशभर में गुरु गोबिन्द सिंह जी का प्रकाश उत्सव पूरी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है।

- हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की धर्म प्रचार समिति के प्रधान जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना के गांव दबलैन को 2 करोड़ 45 लाख रूपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।

*******************************************************

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को लोहगढ़ में बनने वाले बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि इस विश्वस्तरीय विरासती स्मारक का जल्द से जल्द निर्माण सुनिश्चित किया जा सके और इसे जनता को समर्पित किया जा सके। वह आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ लोहगढ़ परियोजना विकास समिति की बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता कर रहे थे।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर स्मारक का निर्माण मुख्य रूप से उनकी जीवनी पर केंद्रित होगा, जिसमें उनकी बहादुरी और बलिदान की वीरगाथा की झलक होगी । उन्होंनेकहा कि बैठक में सुझाव दिया गया है कि स्मारक में बाबा बंदा सिंह बहादुर सहित देश भर में मुगलों के खिलाफ अन्य सिख गुरुओं द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों को समर्पित एक संग्रहालय का भी निर्माण होना चाहिए। इस परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा । पहले चरण में लगभग 74 करोड़ रुपये की लागत आएगी।श्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने कुरुक्षेत्र के पिपली में तीन एकड़ भूमि पर सिख संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित एक भव्य सिख संग्रहालय स्थापित करने का निर्णय भी लिया है।

**********************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा है कि लोहारू छात्रा आत्महत्या प्रकरण की जांच हरियाणा की विभिन्न जांच एजेंसियां कर रही हैं और वह दोषियों का पता लगा कर उन्हें सजा दिलाने में सक्षम हैं।मुख्यमंत्री आज पंचकूला में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। लोहारु प्रकरण की सी बी आई जांच पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जरूरत हुई तो सी बी आई जांच करवाई जाएगी।कांग्रेस नेताओं द्वारा ट्वीट पर पूछे एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा --

उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी हो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर नागरिक भय मुक्त हो कर जीवन यापन करे।

*******************************************************

हरियाणा, चंडीगढ़ सहित आज देश भर में गुरु गोबिन्द सिंह जी का प्रकाश उत्सव पूरी श्रद्धा और धूम धाम से मनाया जा रहा है। पंचकूला के गुरुद्वारा नाडा साहिब, अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बादशाही बाग, कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा छठी पातशाही और गुरुद्वारा दसवीं पातशाही सहित हरियाणा के विभिन्न गुरद्वारों में संगतें माथा टेक रही हैं। रागी जत्थे संगतों को कीर्तन से निहाल कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा नाडा साहिब जा के माथा टेका और गुरु घर की आशीष प्राप्त की। वह निशान साहिब पर भी नतमस्तक हुए और प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने लोगों को गुरुपर्व की बधाई दी।

अंबाला, कुरुक्षेत्र और भिवानी सहित विभिन्न जिलों से गुरुपर्व मनाए जाने के समाचार मिले हैं।गुरु के अटूट लंगर बरताए जा रहे हैं। सभी जगह गुरुद्वारों को फूलों और रोशनियों से सजाया गया है।

........................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी को उनके प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।श्री दत्तात्रेय ने मानवता के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के अद्वितीय योगदान, उनके आदर्शों को याद किया और देश के नागरिकों से आग्रह किया कि वह गुरु जी के आदर्शों को आत्मसात करें। राज्यपाल ने कहा कि सार्वभौमिक कल्याण, सामाजिक न्याय और एकता का उनका दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है।

*******************************************************

हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति के आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का कार्य पूरा हो गया है। चुनाव के लिए 302 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

*******************************************************

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार समिति के प्रधान जत्थेदार बलजीत सिंह ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति का चुनाव करवाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है।आज नाडा साहिब गुरुद्वारा में मुख्यमंत्री का अभिवादन करने और उन्हें प्रकाश पर्व पर सिरोपा भेंट कर सम्मानित करने के बाद मीडिया से बातचीत में जत्थेदार बलजीत सिंह ने कहा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपना वादा निभाने के लिए बधाई के पात्र हैं।इस मौके पर पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

*******************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना के गांव दबलैन में 2 करोड़ 45 लाख रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कैबिनेट मंत्री ने आज गांव के जलघर के

नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस पर एक करोड़ 61 लाख रूपये की राशि खर्च की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने गांव की अनेक चौपालों के निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए भी 83 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।श्री बेदी ने कहा कि इसके अलावा गांव के विद्यालय को भी 12वीं कक्षा तक करने के प्रस्ताव को मंजूर किया गया है।

*****************************************************

पंचकुला पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक ने कहा है कि गांवों को नशामुक्त करने के लिए गाँव के बजुर्गों का साथ लिया जा रहा है।आज पंचकूला के गांव गोलपूरा में बुर्जुगों से बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि अब गांव में नशे संबंधी कोई समस्या नहीं है और पिछले 2 साल से कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस गांव के बुर्जुगों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह करेंगे ।
पंचकूला की पुलिस आयुक्त ने कहा -

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार की मुहिम के तहत पुलिस अधिकारी हर गांव गांव में पहुंचकर लोगों के साथ बातचीत कर रहे हैं। लोगों को नशे से दूर रहने और इससे बचाव हेतु जागरूक किया जाएगा ।

--------------